स्थापित 29 जून 2000 रजि.नं. 49/भरत/रजि./2000-01

# वित्तीय वर्ष 2018-19 में ...

तीन राज्यों में 5 नये अपना घर आश्रमों का शुभारम्भ

विदेश में प्रवेश -अपना घर आश्रम नेपाल का भक्तपुर, काठमाण्डू में शुभारम्भ

दो राज्यों में 6 नवीन अपना घर सेवा समितियों का गठन

अपना घर भरतपुर में हॉस्पीटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी का शुभारम्भ

"सेवा ही जीवन है"

# सेवा विवरण

## वर्ष 2018-19

## माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था

अछनेरा रोड, बझेरा, भरतपुर-321001
हैल्पलाइन : 8599999911
Email : mmbvss@gmail.com
Website : apnagharashram.org
FB : Apna Ghar Bharatpur

6 आश्रमों में 500 प्रभुजनों हेतु निर्माण पूर्ण

13 आश्रमों में 1100 प्रभुजनों हेतु निर्माण जारी

अपना घर आश्रम भरतपुर में ई-क्लीनिक एवं स्मार्ट क्लासेज का शुभारम्भ

3903 प्रभुजी को लाकर अपना घर में प्रवेश

5000 से अधिक प्रभुजनों को आश्रमों में सेवाऐं जारी

2276 प्रभुजन स्वस्थ होने पर देश के 23 राज्यों, नेपाल एवं बांग्लादेश में पुनर्वासित

# माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन 'अपना घर'

''किसी भी आश्रयहीन असहाय, लावारिस, बीमार को सेवा एवं संसाधनों के अभाव में वेदनादायक पीड़ा एवं असामयिक मृत्यु का शिकार होने से बचा सकें, इसी परिकल्पना को साकार करने हेतु प्रयासरत- माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन 'अपना घर'

मान्यवर,

श्री हरिस्मरण एवं सादर वन्दे !

साथियों परमपिता परमात्मा से आपके दैहिक, दैविक एवं भौतिक जीवन की समृद्धि की कामना करते हुये, वर्ष 2018-19 में संस्था द्वारा की गयी सेवाओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, इस प्रतिवेदन के अन्तर्गत लाखों सेवाभावियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर, विभिन्न माध्यमों से, भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में की जा रही सेवाओं का संक्षिप्त विवरण रखने का प्रयास किया गया है।

साथियों के मार्गदर्शन, सहयोग एवं समर्पण के माध्यम से जो भी सेवा के उत्कृष्ट मानदण्ड इस वर्ष में स्थापित किये गये हैं, उनमें आपका भी सहयोग महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है, अत: उन्हें आप तक पहुँचाना हमारा परमदायित्व है, जिससे आप प्रभु सेवा में संस्था की प्रगति से वाकिफ हो सकें और सेवाऐं निरन्तर इसी प्रकार प्रगति के पथ पर अग्रसर जारी रहे सकें।

## सेवाओं और व्यवस्थाओं में गुणवत्ता लाने हेतु आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक का उपयोग

1. **ई क्लीनिक :-** ई-क्लीनिक के माध्यम से प्रभुजी को अपना घर आश्रम में ही देश-विदेश के चिकित्सकों द्वारा ऑनलाइन चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में इंग्लैण्ड, यूएसए, बेंगलौर एवं अमृतसर से विश्वस्तरीय मनोरोग चिकित्सकों द्वारा भरतपुर आश्रम में ई-क्लीनिक के माध्यम से चिकित्सकीय सेवाऐं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
2. **विडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम :-** विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी आश्रमों को जोड़ा जा रहा है इस सिस्टम के माध्यम से सभी आश्रमों के पदाधिकारियों एवं स्टॉफ के साथ समयबद्ध मीटिंग्स, प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था ऑनलाईन की जा रही है।
3. **सॉफ्टवेयर :-** सभी आश्रमों के एकाउन्टस स्टॉक एवं प्रभुजी के डाटा एन्ट्री हेतु संस्था द्वारा अपना स्वयं का सॉफ्टवेयर विकसित कराया गया है इसके लिए मुख्यालय पर सॉफ्टवेयर सैल का गठन किया जाकर दिनांक 1 अप्रैल 2019 से सभी आश्रमों के लेखाओं, स्टोर एवं प्रभुजी डाटा का संधारण किया जा रहा है। इससे सभी आश्रमों के एकाउन्टस , स्टोर एवं प्रभुजी डाटा को सॉफ्टवेयर पर इन्द्राज कर समस्त आवश्यक रिपोर्ट ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।
4. **स्मार्ट क्लासेज :-** स्मार्ट क्लासेज के माध्यम से आश्रम में रह रहे बच्चों को नवीनतम तकनीक के साथ आधुनिक पद्धति से शिक्षा उपलब्ध करायी जा रही है।

## -: वर्ष 2018-19 में शुभारम्भ किये गये नये आश्रम :-

1. **अपना घर आश्रम शुक्रताल :-**
   अपना घर आश्रम शुक्रताल का शुभारम्भ परमपूज्य सन्त श्री विजय कौशल जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 17 सितम्बर 2018 को सम्पन्न हुआ। 100 आवासीय क्षमता के इस भवन को श्री विनोद जी गोयल, दिल्ली द्वारा प्रभु सेवा हेतु समर्पित किया गया है।
2. **अपना घर आश्रम वाराणसी :-**
   संस्था के 25 वें आश्रम, अपना घर आश्रम वाराणसी का शुभारम्भ दिनांक 14 अक्टूबर 2018 को सम्पन्न हुआ। 50 आवासीय क्षमता के इस आश्रम हेतु भवन एवं अपनी सेवाऐं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 के. निरंजन एवं उनकी सहधर्मिणी डा0 कात्यायनी दन्त चिकित्सक द्वारा समर्पित की गयी हैं।
3. **अपना घर आश्रम मेरठ :-**
   संस्था के 26 वें अपना घर आश्रम मेरठ का शुभारम्भ दिनांक 13 जनवरी 2019 को किया गया। 40 आवासीय क्षमता के किराये के भवन में संचालित यह आश्रम वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 कानन त्यागी के सद्प्रयासों से प्रारम्भ किया गया है।
4. **अपना घर आश्रम भिवानी (हरियाणा) :-**
   संस्था 27 वें अपना घर आश्रम भिवानी, का शुभारम्भ दिनांक 27 जनवरी 2019 को किया गया। 50 आवासीय क्षमता के इस आश्रम हेतु भवन श्री कृष्ण प्रणामी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष स्वामी सदानन्द जी महाराज की प्रेरणा से उपलब्ध कराया गया है। यह हरियाणा में संस्था का पहला आश्रम है।
5. **अपना घर आश्रम उमता, मेहसाणा (गुजरात):-**
   संस्था के 29 वें आश्रम, अपना घर आश्रम उमता का संचालन दिनांक 25 फरवरी 2019 को प्रभुजी को प्रवेशित कर किया गया। इस आश्रम हेतु भवन मुनि निर्भय सागर जन कल्याण समिति उमता द्वारा प्रभु सेवा में समर्पित किया गया है। वर्तमान में इस भवन की आवासीय क्षमता 50 बैड है जिसमें और विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। यह गुजरात में संस्था द्वारा संचालित पहला आश्रम है।

### -: अपना घर आश्रम नेपाल :-

संस्था के 28 वें आश्रम, अपना घर आश्रम नेपाल में प्रभुजी का प्रवेश दिनांक 9 फरवरी 2019 को किया जाकर संचालन प्रारम्भ किया गया। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 110 बैड़ है। लगभग 3.50 करोड़ की लागत से निर्मित इस भूकम्प रोधी आश्रम भवन का निर्माण नेपाल अपना घर टीम एवं अन्य सहयोगियों द्वारा कराया गया है। यह देश से बाहर संस्था का प्रथम आश्रम है।

## -: अपना घर सेवा समितियाँ :-

संस्था हर आश्रयहीन असहाय बीमार प्रभुजन तक पहुँचना चाहती है जो पात्र प्रभुजन हैं वे शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम होने के कारण आ नहीं सकते, अपना घर सेवा समितियां इन असहाय बीमार प्रभुजनों को आश्रम भिजवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। देश भर में संचालित 37 समितियों द्वारा इस वर्ष 500 से अधिक प्रभुजी को आश्रमों में प्रवेश, 25 प्रभुजनों हेतु भवन निर्माण, 1500 कुन्टल से अधिक अन्नदान, 500 यूनिट से अधिक रक्तदान, 50 से अधिक जलमन्दिरों का संचालन, 20 से अधिक भरतपुर

आश्रम की तीर्थयात्रा, निर्धन बालिकाओं की शादी, मोक्षधाम, प्राकृतिक आपदा में सहयोग, निम्न आय वर्ग बच्चों को पाठ्यसामग्री एवं आश्रम निर्माण हेतु भवन निर्माण सामग्री के अलावा अन्य सेवा प्रकल्प संचालित किये गये हैं। इसके अलावा असहाय पीड़ित प्रभुजनों की सेवार्थ 58 अपना घर हैल्पलाइन भी सचांलित हैं तथा निम्न 6 सेवा समितियों का गठन वर्ष 2018-19 में हुआ है-

1. महुआ
2. बांदीकुई
3. लालसोट
4. धौलपुर (महिला)
5. ड़ीग (महिला)
6. कोटा

## -: अपना घर लीलावती हॉस्पीटल, एक्स-रे एवं पैथोलॉजी का शुभारंभ :-

भरतपुर आश्रम में 30 बैड़ का हॉस्पीटल का निर्माण कराया गया है जिसमें ऑपरेशन थियेटर, पैथोलोजी लैब के साथ डिजिटल एक्सरे मशीन की व्यवस्था है। इस हॉस्पीटल को 28 फरवरी को प्रभुसेवा में समर्पित कर अब गंम्भीर, बीमार एवं ऑपरेशन वाले प्रभुजनों को तत्काल ऑपरेशन एवं आपातकालीन सेवाऐं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि हॉस्पीटल में ऑपरेशन एवं अन्य सभी सेवाऐं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वैच्छिक प्रदान की जा रही हैं।

## -: 500 प्रभुजनों हेतु आवास निर्माण :-

प्रत्येक प्रभुजन को आवश्यक रूप से प्रवेश देकर उन्हें आवास उपलब्ध कराने के क्रम में अपना घर आश्रम भरतपुर, अजमेर, बीकानेर (वृद्धाश्रम), कोटा, शामली एवं पाली में 500 आवासीय क्षमता के भवन निर्माण कराकर प्रभुजनों की सेवा हेतु समर्पित किया है।

## -: 1100 प्रभुजनों को आवासीय व्यवस्था हेतु निर्माण कार्य जारी :-

भर्ती होने वाले सभी प्रभुजनों को आवश्यक रूप से आवास उपलब्ध कराने के क्रम में 13 आश्रमों द्वारा 1100 प्रभुजनों हेतु निम्नानुसार भवन निर्माण कराया जा रहा है।

1. **अपना घर आश्रम हाथरस :-** अपना घर आश्रम हाथरस में 4.5 बीघा भूमि पर 200 आवासीय क्षमता के भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
2. **अपना घर आश्रम कोकिलावन :-** कोकिलावन आश्रम में प्रथम तल पर 4441 वर्गफुट क्षेत्रफल में 80 आवासीय क्षमता का भवन निर्माण अन्तिम चरण में है।
3. **अपना घर आश्रम बस्सी महिला सदन :-** बस्सी आश्रम 18000 वर्गफुट भूमि पर 300 आवासीय क्षमता के महिला सदन का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसमें से 51 आवासीय क्षमता का भवन निर्माण अन्तिम चरण में है।
4. **अपना घर आश्रम नोखा :-** नोखा आश्रम में 4 बीघा भूमि पर 600 आवासीय क्षमता का आश्रम भवन बनना प्रस्तावित है। बाउड्री वाल निर्माण पूर्ण हो चुका है।
5. **अपना घर महिला आश्रम अलवर :-** अलवर आश्रम में 110 आवासीय क्षमता के महिला सदन का

निर्माण कार्य जारी है जिसमें भूतल पर 51 आवासीय क्षमता का भवन अक्टूबर 2019 तक पूर्ण होने के प्रयास किये जा रहे हैं।

6. **अपना घर आश्रम कोटा :-** कोटा आश्रम में 50 प्रभुजी की आवासीय व्यवस्थाओं हेतु प्रथम तल का जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है।

7. **अपना घर आश्रम शामली :-** सुविधा विस्तार के क्रम में 1600 वर्गफुट भूतल पर कार्यालय व मीटिंग हॉल व 1600 वर्गफुट में प्रथम तल पर अतिथि गृह का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

8. **अपना घर आश्रम हिण्डौन :-** हिण्डौन आश्रम में 19000 वर्गफुट क्षेत्र में 200 आवासीय क्षमता का भवन निर्माण कार्य चल रहा है।

9. **अपना घर आश्रम पूठखुर्द दिल्ली :-** पूठखुर्द दिल्ली आश्रम में 40 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल में 400 आवासीय क्षमता का चार मंजिल भवन का कार्य अन्तिम चरण में है।

10. **अपना घर आश्रम (महिला) बुढपुर दिल्ली :-** बुढपुर दिल्ली आश्रम में क्रय की गयी 718 वर्गगज भूमि पर 200 आवासीय क्षमता का दो मंजिल भवन निर्माण कार्य प्रस्तावित है। भूमि की बाउन्ड्री वाल हो चुकी है

11. **अपना घर आश्रम भरतपुर :-**

    I. 3000 वर्गफुट क्षेत्र में श्री शंकर सोमानी प्रसादालय का निर्माण कराकर सेवाओं में अर्पित किया गया।

    II. **450 आवासीय पुरूष सदन :-** 450 आवासीय क्षमता का तीन मंजिला पुरूष सदन का निर्माण कार्य 45000 वर्गफुट क्षेत्रफल में किया जा रहा है जो लगभग अपने अंतिम चरण में है।

    III. **अपना घर आश्रम गोवर्धन :-** गोवर्धन में 13 बीघा जमीन पर 700 आवासीय क्षमता का श्री गिरधारी अपना घर आश्रम का निर्माण प्रस्तावित है। 50 प्रभुजनों हेतु दिसम्बर माह तक आश्रम शुभारंम्भ करने का प्रयास।

13. **अपना घर आश्रम श्रीगंगानगर :-** श्रीगंगानगर आश्रम में 2.5 बीघा भूमि पर 250 आवासीय क्षमता का भवन निर्माण प्रस्तावित है जिसकी बाउन्ड्री वाल का निर्माण प्रगति पर है।

14. **अपना घर आश्रम पिलखुआ :-** इस आश्रम हेतु 10,000 वर्गगज भूमि में 350 आवासीय क्षमता का आश्रम निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसके प्रथम चरण में 110 क्षमता के पुरूष सदन का निर्माण प्रगति पर है तथा चारदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## -: संसाधनों के आधार पर नहीं जरूरत के आधार पर होती हैं सेवाऐं :-

संस्था की मूल भावना के अनुरूप प्रत्येक जरूरतमन्द प्रभु स्वरूप पीड़ित को आवश्यक रूप से प्रवेश दिया जाता है। यहाँ पर ससांधनों का अभाव या पदाधिकारी एवं सेवा साथियों की क्षमता के कोई मायने नहीं होते। इस क्रम में आर्थिक ससांधन व अन्य क्षमताओं के अभाव के बावजूद भी प्रभुजी की संख्या अधिक होने के कारण 450 आवासीय क्षमता का भवन भरतपुर आश्रम में निर्माणधीन है, जिसके लिए अन्य आश्रम एवं सदस्यों से 2 करोड़ 3 लाख रूपये का लोन इसलिए लिया जा चुका है कि सेवा का यह प्रकल्प अपनी मूल भावना के अनुरूप अनवरत जारी रह सके।

## -: जीव सेवा सदन :-

इस वित्तीय वर्ष में संस्था द्वारा जीव सेवा सदन के अन्तर्गत 1000 से अधिक गौमाता, श्वान, खरगोश, नीलगाय, बन्दर, बिल्ली, सुअर, ऊँट, घोड़ा, गधा, बकरी के साथ-साथ, मोर, कबूतर, बाज, तोता, चिड़िया आदि को चिकित्सा एवं सेवा प्रदान की गयी है।

## -: पशु उपस्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ :-

संस्था की सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा हेतु आश्रम के जीव सेवा सदन प्रागंण में पशु चिकित्सा उपस्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया गया है।

## न्यूनतम संसाधनो में श्रेष्ठतम सेवा का सफर जारी...

अगर दुनिया में कोई सर्वे हो कि न्यूनतम ससांधनो में श्रेष्ठतम सेवा किस संस्था में होती है तो उसमें एक नाम अपना घर का अवश्य होगा। इस कथन की पुष्टि इस तथ्य से हो जाएगी कि इस वर्ष की ऑडिट के अनुसार प्रति प्रभुजन पर प्रतिमाह औसतन व्यय राशि रू 2500 है जिसमें भरतपुर आश्रम में प्रति प्रभुजी औसतन व्यय रू 2070 है, इसमें भोजन, वस्त्र, आवास के साथ 2600 प्रभुजी में से 2300 दवाईयाँ खाने वाले हैं, ऑपरेशन एवं हॉस्पीटल खर्च, जीव सेवा सदन का व्यय, 23 एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों पर व्यय एवं 190 स्टाफ साथियों का मानदेय शामिल है।

## -: ये भी जानना जरुरी है :-

अब तक 20000 से अधिक प्रभुजनों को किया भारत, नेपाल एवं बांग्लादेश में पुनर्वासित

अपना घर भरतपुर सेवा एवं विशिष्टता की दृष्टि से अपनी श्रेणी का देश का सबसे बडा आश्रम


अपना घर की सेवाओं में 10 लाख से अधिक सेवाभावी लोगों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी कर रहे हैं।


यह एक मात्र ऐसा संगठन जिसे देश भर में कहीं पर भी भवन मिल जाए वहीं पर अपना घर की सेवाऐं प्रारम्भ कर देता है।


अपना घर आश्रम भरतपुर ऐसा संस्थान जहाँ पर सभी उम्र के आश्रयहीन असहाय बीमार महिला, पुरूष एवं घायल बीमार पशु-पक्षियों को आवश्यक रूप से प्रवेश दिया जाता है।

अपना घर एक मात्र ऐसा संस्थान जहाँ पर ठाकुर जी के लिए प्रतिदिन आश्रम कार्यालय में सुई से लेकर भोजन, एम्बुलेंस, भवन तथा अन्तिम संस्कार सामग्री तक की चिट्ठी लिखी जाती है जिसे वह विभिन्न मानव स्वरूपों में आकर प्रतिदिन पूरा करते हैं।


# -: संस्था के पिछले 4 सालों के प्रगति के आंकड़े :-




| | 2015 -16 | 2016 -17 | 2017 -18 | 2018 -19 |
|---|---|---|---|---|
| Expired | 502 | 588 | 1191 | 986 |
| Rehabilitation | 1180 | 1288 | 2162 | 2276 |
| Admission | 1989 | 2656 | 4077 | 4251 |




| | 31.03.2016 | 31.03.2017 | 31.03.2018 | 31.03.2019 |
|---|---|---|---|---|
| Total No. of Prabhuji in all Ashram | 2602 | 3342 | 4040 | 4981 |
| Bharatpur Ashram | 1551 | 1735 | 1214 | 2459 |
| Column 1 | | | | |

# सभी आश्रमों में प्रभुजी की संख्या निम्नानुसार है :- दिनांक 31 मई 2019

| क्र. सं. | आश्रम का नाम | मोबाइल | कुल प्रभु आवासी | महिला | पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अपना घर आश्रम भरतपुर ( राज. ) | 8764396811 | **2568** | 1509 | 1059 |
| 2. | अपना घर आश्रम अजमेर ( राज. ) | 8764396814 | **90** | 36 | 54 |
| 3. | अपना घर आश्रम कोटा ( राज. ) | 8764396812 | **171** | 133 | 38 |
| 4. | अपना घर आश्रम अलवर ( राज. ) | 8764396820 | **77** | -- | 77 |
| 5. | अपना घर आश्रम पूठखुर्द, दिल्ली | 9810212213 | **282** | -- | 282 |
| 6. | अपना घर आश्रम बीकानेर ( राज. ) | 8764396813 | **106** | -- | 106 |
| 7. | अपना घर आश्रम कोकिलावन ( यू.पी. ) | 9412625136 | **72** | -- | 72 |
| 8. | अपना घर आश्रम जोधपुर ( राज. ) | 8764396815 | **230** | -- | 230 |
| 9. | अपना घर आश्रम बुढ़पुर, दिल्ली | 9667411202 | **262** | 262 | -- |
| 10. | अपना घर आश्रम, श्री गंगानगर ( राज. ) | 8764396816 | **45** | --- | 45 |
| 11. | अपना घर आश्रम ,शामली ( यू.पी. ) | 9557768160 | **115** | --- | 115 |
| 12. | अपना घर आश्रम, पाली ( राज. ) | 8764396817 | **30** | --- | 30 |
| 13. | अपना घर आश्रम नौखा, बीकानेर ( राज. ) | 8764396818 | **152** | --- | 152 |
| 14. | अपना घर आश्रम वृद्धाश्रम, बीकानेर (रजि.) | 8764396813 | **151** | --- | 151 |
| 15. | अपना घर आश्रम मूकबधिर विद्यालय कोटडा अजमेर | 7665430215 | **90** | --- | 90 |
| 16. | अपना घर आश्रम, हिण्डौन ( राज. ) | 07469-230010 | **50** | --- | 50 |
| 17. | अपना घर आश्रम, बस्सी ( राज. ) | 7412061034 | **79** | --- | 79 |
| 18. | अपना घर आश्रम, हाथरस ( यू.पी. ) | 7060013108 | **26** | --- | 26 |
| 19. | अपना घर आश्रम, गोवर्धन ( यू.पी. ) | 7310769595 | **81** | --- | 81 |
| 20. | अपना घर आश्रम, शिवपुरी ( म.प्र. ) | 9826822926 | **27** | --- | 27 |
| 21. | अपना घर आश्रम, फिरोजाबाद ( यू.पी. ) | 8630993004 | **47** | --- | 47 |
| 22. | अपना घर आश्रम, डबरा ( म.प्र. ) | 9826211104 | **33** | -- | 33 |
| 23. | अपना घर आश्रम, पुरुलिया ( पं. बंगाल ) | 7872245835 | **105** | 57 | 48 |
| 24. | अपना घर आश्रम, शुक्रताल ( यू.पी. ) | 9758111319 | **100** | --- | 100 |
| 25. | अपना घर आश्रम, वाराणसी ( यू.पी. ) | 7521060001 | **41** | --- | 41 |
| 26. | अपना घर आश्रम, मेरठ ( यू.पी. ) | 9068635958 | **26** | --- | 26 |
| 27 | अपना घर आश्रम भिवानी ( हरियाणा ) | 8764396819 | **33** | --- | 33 |
| 28. | अपना घर आश्रम, नेपाल | 779840809782 | **32** | --- | 32 |
| 29. | अपना घर आश्रम, उमता ( गुजरात ) | 9427332844 | **24** | --- | 24 |
| | **कुल प्रभुजी की संख्या** | | **5144** | **2002** | **3142** |

इनमें मनोरोगी, मन्दबुद्धि, नेत्रहीन, अंगविहीन, जख्मी, अस्थि भंग, लकवा-पोलियो, मिर्गी, टी.बी., कुष्ठ , कैंसर, एड्स एवं उदर आदि रोगों से ग्रसित प्रभुजी सेवाऐं ले रहे हैं। जिसमें 80 से अधिक बाल गोपाल शामिल हैं।

**बेसहारा बीमार असहाय प्रभुजनों की सेवा ही हमारी पूजा एवं आराधना है।**